इंदौर, सोमवार 01 दिसंबर 2025
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 30
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2
dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

अंदर के पन्नों पर...

फिर लौट आई ठंड, उत्तरी हवाओं ने गिराया पारा



पेज-2

'भाभी जी घर पर हैं' से अलग हो रही हैं शुभांगी



पेज-5

जहां सत्ता बची वहां भी कुर्सी की लड़ाई



पेज-6

## न्यूज ब्रीफ

- जम्मू-कश्मीर और लखनऊ में कुल 8 जगहों पर एनआईए की छापेमारी
- लखनऊ : नाम बदल कर रह रही बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार, होगी पूछताछ
- तालिबान के डिप्टी पीएम की पाकिस्तान को चेतावनी, कहा- अफगान लोगों के धैर्य की परीक्षा न ले
- अमेरिकी सेना ने दक्षिणी सीरिया में आईएसआईएस के हथियार भंडार वाले 15 ठिकानों को किया नष्ट
- रूस के साथ शांति वार्ता 'सही दिशा में', यूक्रेन वार्ता के बाद ट्रंप बोले- अगले हफ्ते अमेरिकी दूत जाएंगे रूस
- प्रिंट मीडिया विज्ञापनों के लिए सरकारी दरों में 26% की बढ़ोतरी, केंद्र सरकार ने दी मंजूरी
- पटना में आज कांग्रेस की बड़ी बैठक, चुनाव परिणामों के बाद पहली अहम चर्चा
- होमलैंड सिक्योरिटी ने सारा बेकस्ट्रॉम की हत्या के लिए बाइडेन प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया
- कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद में हिंदू पक्ष की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट आज सुनवाई

# सीएम की समीक्षा में मंत्रिमंडल विस्तार की लिखी जाएगी इबारत

## दो साल पूरे होने पर सीएम देखेंगे हर विभाग का प्रजेंटेशन, तैयारी में जुटे मंत्री

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव 13 दिसंबर को अपना दो साल का कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। इससे पहले वे मंत्रियों के साथ विभागों की दो दिनों तक समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही उन्हें उनकी परफार्मेन्स रिपोर्ट भी दिखाई जाएगी। यह रिपोर्ट कुछ मंत्रियों के लिए खतरे की घंटी भी साबित हो सकती है। वहीं सीएम द्वारा विभागों की समीक्षा किए जाने के ऐलान के बाद सभी विभागों के मंत्री अपने अपने विभागों की उपलब्धियों और वर्तमान में चल रहे कामों की रिपोर्ट बनाने में लग गए हैं।

सीएम ने पिछली कैबिनेट में मंत्रियों से कहा था कि वे आठ और नौ दिसंबर को खजुराहों में मंत्रियों के साथ बैठक कर उनके विभागों की समीक्षा करेंगे। सूत्रों की माने तो विभागों की समीक्षा के लिए एक फार्मेट तैयार किया गया है। इसमें उन्हें दो सालों में सरकार से उनके विभाग को मिले पैसे और उनसे हुए कामों का विवरण देना है। इसके अलावा जो काम पेन्डिग हैं उनकी वजह भी बतानी होगी। खजुराहो में होने वाली बैठक को बेहद अहम माना जा रहा है। इस बैठक के बाद सीएम संगठन नेताओं से भी चर्चा करेंगे। बताया जाता है कि संगठन ने भी अपने स्तर पर मंत्रियों के कामों को लेकर रिपोर्ट तैयार की है। गौरतलब है कि तीसरे साल भी सीएम का फोकस विकास और निवेश लाने पर होगा। इसी साल से भाजपा भी पूरी तरह चुनावी मोड में आ जाएगी। इसकी पूर्व पीठिका उसने अभी से तैयार करनी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मंत्रियों के दो साल की



परफार्मेन्स रिपोर्ट केन्द्रीय नेतृत्व को भेजी जाएगी। इसके आधार पर मंत्रियों के विभागों में परिवर्तन से लेकर उनकी मंत्रिमंडल से विदाई भी हो सकती है। अनुमान यह भी लगाया जा रहा है कि तीसरे साल में सीएम अपने मंत्रिमंडल में एक छोटा विस्तार भी कर सकते हैं। इसकी चर्चा इसलिए उठ रही है कि गुजरात में सरकार के दो साल बीतने के बाद मंत्रिमंडल का पुनर्गठन किया गया है। यह प्रयोग मध्यप्रदेश में होगा, इसकी संभावना कम है पर सीएम एक छोटा सा विस्तार कर सकते हैं। इसमें कुछ वरिष्ठ नेताओं को मंत्री बनाया जा सकता है। जिनके मंत्री बनने की संभावना है, उनमें प्रमुख नाम सीनियर विधायक गोपाल भार्गव और भूपेन्द्र सिंह का है। इसके साथ दो विधायकों को और मंत्री बनाए जाने की संभावना सूत्र व्यक्त कर रहे हैं। इनमें महाकौशल व मालवा से एक-एक विधायक को मौका मिल सकता है। सागर जिले में पिछली बार तीन मंत्री थे पर इस बार केवल गोविंद सिंह राजपूत को ही मंत्रिमंडल में जगह मिली है। इसी तरह नए साल में सीएम राजनीतिक नियुक्तियां कर क्षेत्रीय समीकरण साध सकते हैं।

### बेहद खास होगा तेरह दिसंबर, लाखों करोड़ के कामों की मिलेगी सौगात

*सूत्रों की माने तो अधिकारी मुख्यमंत्री के दो साल पूरे होने पर विकास कार्यों का प्लान बनाने में जुटे हैं। मुख्यमंत्री अपने दो साल पूरे होने पर 13 दिसंबर को दो लाख करोड़ रुपए के विकास कामों की सौगात प्रदेश की जनता को दे सकते हैं। सीएम का इन दिनों पूरा फोकस निवेश पर है। इसके लिए वे इन्वेस्टर्स मीट और अन्य आयोजनों के जरिए लगातार निवेशकों से मिल रहे हैं और प्रदेश में निवेश करने का उनसे आग्रह कर रहे हैं। सीएम की कोशिशों का परिणाम है कि प्रदेश ने साल 2025 में 4 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए हैं। उज्जैन से शुरू हुई रीजनल इन्वेस्टर्स समिट अब तक आधा दर्जन शहरों में हो चुकी है। रीजनल समिट ने क्षेत्रीय उद्यमियों को राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय निवेशकों से सीधा जोड़ा है। इस साल भी यह सफर जारी रहेगा।*

# प्रदेश में 40 ई-चेक पोस्ट तैयार खनिजों के अवैध परिवहन पर बेरियर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • खनिजों का अवैध परिवहन करने पर अब वाहन मालिक के घर ऑनलाइन चालान और नोटिस पहुंचेगा। इसके लिए खनिज के मामले में ज्यादा परिवहन क्षेत्रों में एआई आधारित भोपाल में औबेदुल्लागंज, ईटखेड़ी, बंगरसिया इंदौर में सानावदिया-नायता मुंडला बाईपास सहित प्रदेश में 40 ई-चेक पोस्ट लगाए गए हैं। इसके लिए 25 जिलों में कमांड सेंटर बनाए गए हैं।

खनिज विभाग ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है, नए वर्ष से ये चेक पोस्ट काम करना शुरू कर देंगे। अवैध परिवहन, ओवर लोडिंग कर निकलने वाले वाहनों का नंबर कंट्रोल रूप में पहुंचेगा। यहां पर जिस खदान से वाहन के लिए (नंबर) ई-टीपी जारी हुआ है, उस नंबर से मिलान होगा।




अंतर मिलने पर मोटर मालिक के मोबाइल पर अपने आप चालान पहुंच जाएगा। प्रदेश में हर साल अवैध परिवाहन के 10 हजार मामले दर्ज होते हैं।

**पैसे लेकर वाहन छोड़ने के आरोप से बचेंगे अफसर**- आमतौर पर माइनिंग अफसरों के ऊपर यह आरोप लगता रहता है कि पैसे लेकर खनिज चौकी अवैध खनिज परिवहन करने वाले वाहनों को छोड़ दिया जाता है। इसके अलावा कई बार बड़े नेताओं और अफसरों के रिश्तेदार और उनसे जुड़े कारोबारियों वाहनों को चौकी पर बिना रोकटोक के छोड़ दिया जाता था। इलेक्ट्रॉनिक टोल कांटा के चलते अब ऑनलाइन चालान बनकर उसके पास तक पहुंच जाएगा।

### वाहनों को जारी होगी चिप

खनिज परिवहन कराने के लिए वाहनों का जैसे पंजीयन होगा वैसे ही उन्हें फास्ट टैग जैसे चिप दिया जाएगा। इस फास्ट टैग में वाहन की पूरी डिटेल (गाड़ी की कटेगी, भार क्षमता, गाड़ी का नंबर, चेचिस नंबर सहित) और मालिक का नाम और रजिस्टर्ड नंबर होगा। इससे वाहन चालक नंबर में भी हेराफेरी नहीं कर सकेगा। अगर चेक पोस्ट नाके के कैमरे अगर वाहन का नंबर रीड नहीं कर पाता है तो फास्ट टैग से संपूर्ण जानकारी मिल जाएगी।

**नियमों में होगा बदलाव**- खनिज विभाग अपने नियमों में बदलाव कर ऑनलाइन चालान को भी शामिल करने की तैयारी कर रहा है। नियम तैयार हो गए हैं, इसे विधि विभाग ने भी मंजूरी दे दी है। अब इसे अगली कैबिनेट में भेजा जाएगा।

# संगठन मंत्री पर विवाद के बाद बदला पदनाम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • चार दिन पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति के बाद पांच जिला संगठन मंत्री नियुक्त किए गए थे। संगठन मंत्रियों की नियुक्ति पर कांग्रेस के ही प्रदेश प्रभारी ने रोक लगा दी थी। अब संगठन मंत्रियों का पदनाम बदलकर जिला महासचिव के नाम से नियुक्ति की गई है।

एमपी कांग्रेस की ओर से 25 नवंबर को बनाए गए 5 जिला संगठन मंत्रियों की नियुक्ति के बाद कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने जीतू पटवारी को पत्र लिखा था। चौधरी ने लेटर में लिखा था, राज्य के कुछ जिलों में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व अनुमति के बिना किए गए जिला संगठन मंत्रियों के नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है। साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि भविष्य में ऐसी किसी भी नियुक्ति से पहले एक औपचारिक प्रस्ताव तैयार कर अनुमोदन के लिए भेजा जाए और अनुमोदन प्राप्त होने के बाद ही नियुक्ति की जाए।

गौरतलब है कि हरीश चौधरी का कहना था कि कांग्रेस में हमेशा से परंपरा रही है। उनका कहना था कि संगठन मंत्री ये आरएसएस का शब्द है, ये कांग्रेस का नहीं है। उनकी नियुक्ति कांग्रेस महासचिव के रूप में रहेगी बस इतनी सी बात है।

### आठ जिला महासचिव हुए नियुक्त

उमरिया- पुष्पराज सिंह
जबलपुर शहर- रितेश गुप्ता बंटी
राजगढ़- राधेश्याम सोमतिया
धार- परितोष सिंह बंजी
उज्जैन शहर- अजय राठौर
उज्जैन ग्रामीण- राजेन्द्र व्यास
इंदौर शहर- संजय बाकलीवाल
इंदौर ग्रामीण- दौलत पटेल

# तकनीकी और प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में इंदौर का विस्तार तय, 3 और कॉलेजों के जुड़ने की संभावना

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • तकनीकी और प्रबंधन शिक्षा में नए अवसरों के लिए इंदौर तैयार है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा नए प्रबंधन और इंजीनियरिंग संस्थानों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाने के कारण, अगले साल शहर में व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला देखने को मिलेगी। इस कदम ने शहर में नए विस्तार के लिए मंच तैयार कर दिया है, जिसकी तकनीकी शिक्षा में पहले से ही मजबूत उपस्थिति है। डीएवीवी के रिकॉर्ड के अनुसार, वर्तमान में इंदौर में 15,000 से अधिक सीटों वाले 76 प्रबंधन कॉलेज हैं। इस प्रक्रिया से परिचित अधिकारियों ने बताया कि आगामी शैक्षणिक वर्ष में दो और प्रबंधन संस्थानों के इस सूची में शामिल होने की संभावना है।

# अच्छी पहल : बेटियों के विवाह में बारातियों को बांटे हेलमेट



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • कल इंदौर में स्कीम नं. 134 के पास स्थित गार्डन में एक परिवार ने अपनी बेटी की शादी में लगभग 300 बारातियों को हेलमेट गिफ्ट के रूप में दिया। शायद यह पहली बार होगा, जब किसी शादी में बारातियों को गिफ्ट के रूप में हेलमेट दिए। इस अवसर पर दुल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद देने पहुंचे विधायक रमेश मेंदोला ने बारातियों को हेलमेट पहनाकर परिवार की अच्छी पहल की सराहना की।

# कहने को इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यात्रियों को नहीं मिलती सुविधाएं

## उच्च स्तर पर की शिकायतें, प्रबंधन गंभीर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • एयरपोर्ट पर फूड काउंटर्स संचालक मनमानी कर रहे हैं। यहां सुबह जल्दी पहुंचने वाले यात्रियों को सुबह 7.30 बजे से पहले इन काउंटर्स द्वारा खाने पीना नहीं दिया जा रहा है। इस अव्यवस्था से नाराज एक यात्री ने मामले की शिकायत सिविल एविएशन मिनिस्टर और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया सहित संबंधित विभागों से की है। इंदौर एयरपोर्ट से यात्रा कर रहे एक यात्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि एयरपोर्ट के फूड काउंटर्स अपनी मर्जी और सुविधानुसार सुबह 7.30 बजे तक कोई भी ऑर्डर स्वीकार नहीं करते, जिसकी वजह से सुबह की उडनों से यात्रा करने वाले कई यात्रियों को




परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस शिकायत में फूड काउंटर का फोटो भी शेयर करते हुए एविएशन मिनिस्टर, एयरपोर्ट अथॉरिटी, डीजीसीए, रीजनल डायरेक्टर, इंदौर एयरपोर्ट प्रबंधन सहित सभी एयरलाइंस को भी टैग करते हुए लिखा कि इस मामले में दखल देते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए व्यवस्था में सुधार किया जाना चाहिए, ताकि सुबह एयरपोर्ट पहुंचने वाले यात्रियों को परेशानी ना हो।

**टूटी परिपाटी** सत्ता पक्ष के कई वरिष्ठ नेताओं की नजर विधानसभा के प्रतिष्ठापूर्ण पद पर

# मोहन सरकार के दो साल बाद भी उपाध्यक्ष का पद रिक्त

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्य प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से शुरू होगा। सत्र 5 दिसंबर तक चलेगा। मप्र विधानसभा का एक और सत्र बगैर उपाध्यक्ष के आहूत होगा। पिछले साढ़े पांच साल से विधानसभा उपाध्यक्ष का पद रिक्त है। इस दरमियान शिवराज सरकार का चौथा कार्यकाल पूरा हो गया और मोहन सरकार को सत्ता में आए दो साल होने को है, लेकिन विधानसभा उपाध्यक्ष के पद के लिए निर्वाचन नहीं हुआ है। बड़ा सवाल यह है कि नया विधानसभा उपाध्यक्ष क्यों नहीं बनाया जा रहा है? दरअसल, मप्र में विधानसभा उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को देने की परंपरा रही है, लेकिन तत्कालीन कमलनाथ सरकार में यह परिपाटी टूट गई थी।



कमलनाथ सरकार ने विधानसभा उपाध्यक्ष का पद अपने पास रखते हुए तत्कालीन विधायक हिना कांवरे को विधानसभा उपाध्यक्ष बनाया था। उन्होंने 10 जनवरी, 2019 को विधानसभा उपाध्यक्ष पद की शपथ ली थी। मार्च, 2020 में कांग्रेस विधायकों के दलबदल के चलते कमलनाथ सरकार गिर गई। शिवराज सिंह चौहान चौथी बार प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। हिना कांवरे ने 24 मार्च, 2020 को विधानसभा उपाध्यक्ष का पद छोड़ दिया था। शिवराज सरकार के चौथे कार्यकाल (वर्ष 2020 से 2023 तक) में विधानसभा उपाध्यक्ष बनाया गया है।

15वीं विधानसभा के गठन के बाद अध्यक्ष के निर्वाचन के समय भाजपा ने परंपरा को तोड़ते हुए अपना उम्मीदवार मैदान में उतार दिया था। इसके बाद से ही उपाध्यक्ष को लेकर भी दोनों पार्टियों के बीच विवाद की स्थिति बन गई थी। इसके पहले अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव आपसी सहमति से निर्विरोध कर लिया जाता था। जहां अध्यक्ष का पद सत्ता पक्ष के पास रहता था, तो वहीं उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को दे दिया जाता था। लेकिन 2018 में कांग्रेस ने जब अध्यक्ष पद के लिए एनपी प्रजापति का नाम सामने किया था, तो भाजपा ने जगदीश देवड़ा को मैदान में उतार दिया। हालांकि देवड़ा चुनाव हार गए थे। इसके बाद कांग्रेस ने उपाध्यक्ष का पद भी विपक्ष को नहीं दिया। मोहन सरकार को भी 19 महीने से ज्यादा हो गए, लेकिन अब तक किसी को विधानसभा उपाध्यक्ष नहीं बनाया गया है। सूत्रों का कहना है कि भाजपा सरकार कांग्रेस के पदचिन्हों पर चलते विधानसभा उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को नहीं देना चाहती।

### रोहाणी थे भाजपा के आखिरी विस उपाध्यक्ष

मप्र विधानसभा में अब तक 18 उपाध्यक्ष रहे हैं। विष्णु विनायक सरवटे मप्र विधानसभा के पहले उपाध्यक्ष थे। उनका कार्यकाल 24 दिसंबर, 1956 से 5 मार्च, 1957 तक था। भाजपा के पास 22 साल (वर्ष 2003 से) से विस उपाध्यक्ष का पद नहीं है। ईश्वरदास रोहाणी भाजपा के अंतिम विस उपाध्यक्ष थे। उनका कार्यकाल 1999 से 2003 तक था। उनके बाद हजारीलाल रघुवंशी, हरवंश सिंह, डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह और हिना कांवरे (सभी कांग्रेसी) विस उपाध्यक्ष रहे।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, सोमवार 01 दिसंबर 2025

# विधानसभा का शीतकालीन सत्र, आज से वीआईटी यूनिवर्सिटी और अतिवृष्टि मामले पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

**भोपाल (एजेंसी)** • मध्य प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो रहा है। यह 5 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान 4 दिन ही विधानसभा की बैठकें होंगी। 3 दिसंबर को भोपाल गैस त्रासदी की बरसी पर स्थानीय अवकाश के कारण विधानसभा की भी छुट्टी रहेगी। सत्र में विपक्षी विधायक सीहोर की वीआईटी यूनिवर्सिटी में छात्रों को खराब भोजन-पानी मिलने के कारण हुए विवाद का मुद्दा जोर-शोर से उठाएंगे। अतिवृष्टि से नुकसान और मुआवजे का मुद्दा भी गूंजेगा। दिसंबर में सत्र की अधिसूचना जारी होने से अब तक विधानसभा सचिवालय में 751 तारांकित और 746 अतारांकित प्रश्नों को मिलाकर 1497 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। ध्यानाकर्षण की 194, स्थगन प्रस्ताव की 06, अशासकीय संकल्प की 14, शून्यकाल की 52, नियम-139 की 02 सूचनाएं जबकि 15 याचिकाएं मिली हैं। 2 शासकीय विधेयक भी प्राप्त हुए हैं।

### विधानसभा सत्र में पेश होंगे ये दो विधेयक

मध्य प्रदेश सरकार नगर पालिका और नगर परिषद अध्यक्ष के चुनाव में बड़ा बदलाव करने जा रही है। अब तक पार्षद ही अध्यक्ष चुनते थे, लेकिन संशोधन के बाद अध्यक्ष को जनता सीधे चुनेगी। इसके साथ ही राइट टू रिकॉल की व्यवस्था भी लागू होगी। यानी जनता यदि अध्यक्ष के काम से नाखुश है तो वोट देकर उन्हें हटा भी सकेगी। मध्यप्रदेश सरकार ने व्यापार और दुकानों से जुड़े महत्वपूर्ण बदलावों को मंजूरी दी है। पिछले हफ्ते हुई कैबिनेट की बैठक में दुकान एवं स्थापना (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2025 को स्वीकृति दी गई थी। अब रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होगी। साथ ही, दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम में



संशोधन के तहत दुकानदारों और कामगारों को सप्ताह में एक दिन अनिवार्य अवकाश देना जरूरी होगा। दुकान खोलने और संचालन के लिए लाइसेंस की प्रक्रिया भी सरल बनाई जाएगी। सरकार का तर्क है कि यह व्यवस्था कामगारों के स्वास्थ्य, बेहतर कार्य वातावरण और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है।

### नई व्यवस्था में ये होगा

- 20 से कम कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों में बिना श्रम आयुक्त की अनुमति के निरीक्षण नहीं हो सकेगा।
- इससे सूक्ष्म और लघु व्यापारियों को अनावश्यक कार्रवाई और दबाव से राहत मिलेगी।
- सभी प्रक्रियाएं पोर्टल पर ही होंगी। रजिस्ट्रेशन, रिनुअल, संशोधन और बंद होने की सूचना भी डिजिटल हो जाएगी।
- पिछले हफ्ते कैबिनेट की बैठक में दुकान एवं स्थापना (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2025 को मंजूरी दी गई थी।
- पिछले हफ्ते कैबिनेट की बैठक में दुकान एवं स्थापना (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2025 को मंजूरी दी गई थी।
- बदलाव 7 दिन में अपडेट करना अनिवार्य
- दुकान एवं स्थापना (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2025 के मुताबिक, अब रजिस्ट्रेशन शुल्क अधिकतम ?2,500 होगा। कर्मचारियों की संख्या या अन्य प्रमुख बदलाव होने पर 7 दिन के भीतर पोर्टल पर अपडेट करना जरूरी होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 58 वें अ.भा. वेदांत संत सम्मेलन में सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति को मजबूत बनाने का संकल्प

**इंदौर** • बिजासन रोड स्थित प्राचीन अविनाशी अखंड धाम आश्रम पर 4 से 10 दिसम्बर तक होने वाले 58 वें अ.भा. अखंड वेदांत संत सम्मेलन की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। रविवार को सुबह आश्रम के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरुप के सानिध्य में आयोजित सम्मेलन की आयोजन समिति से जुड़े श्रद्धालुओं की बैठक में सम्मेलन को हर संभव सहयोग देने एवं आश्रम की परंपरा के अनुरूप सार्थक बनाने के साथ ही सनातन धर्म के संवर्धन और संस्कृति के संरक्षण का भी संकल्प व्यक्त किया गया।

### अग्रवाल वैश्य घटकों की ओर से स्व. रमेश के चित्र पर पुष्पांजलि

**इंदौर** •देश-विदेश में वैश्य घटकों के 200 से अधिक संगठनों को एक सूत्र में पिरोने और अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक, वरिष्ठ समाजसेवी ब्रह्मलीन रमेशचंद्र अग्रवाल के 81वें जन्म जयंती दिवस पर रविवार को सुबह विमानतल मार्ग, श्री श्रीविद्याधाम आश्रम स्थित द्वारकादास छात्रावास भवन पर म.प्र. वैश्य महासम्मेलन एवं वैश्य कल्याण ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में गोसेवा एवं पुष्पांजलि सभा के साथ ही वेदपाठी ब्राहमण विद्वानों के सम्मान का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर उपस्थित शहर के वैश्य घटकों के प्रतिनिधियों ने रमेश जी के सेवा संकल्पों को शिद्दत से याद कर उनके बताए रास्ते पर चलकर वैश्य संगठनों को एक जाजम पर जमा करने का संकल्प व्यक्त किया।

### सर्व ब्राम्हण युवक युवती परिचय सम्मेलन 14 दिसम्बर को

**इंदौर** •श्री कान्यकुब्ज विद्या प्रचारिणी सभा इन्दौर द्वारा सर्व ब्राम्हण युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन अखिल भारतीय स्तर पर 14 दिसंबर को आयोजित होने जा रहा है। सम्मेलन की तैयारी के लिए सभा की महिला मंडल द्वारा बैठक आयोजित की गई। सम्मेलन के लिए पूरे देश भर के अलग-अलग राज्यों से 800 से ज्यादा युवक युवतियों की प्रविष्ठियां आई है। सभा के अध्यक्ष पं संजय शुक्ला (पुर्व विधायक), प्रधानमंत्री पं अनुप बाजपेयी (अन्नु) एवं प्रभारी पं प्रकाश बाजपेयी ने बताया कि 14 दिसंबर को एरोड्रम रोड स्थित नरसिंह वाटिका में आयोजित होने वाले परिचय सम्मेलन में सर्व ब्राम्हण युवक युवती की प्रविष्टियाँ ली जा रही है। इन्दौर सहित देवास उज्जैन, धार, नागदा नीमच मन्दसौर, सागर जबलपुर कटनी गुना ग्वालियर एवं प्रदेश के विभिन्न जिलों तथा राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पुणे, गुजरात, बैंगलोर ,नोएडा, कोलकाता, कनार्टक,बंगाल सहित पूरे देश भर के अलग राज्यों के 800 उच्च शिक्षित युवक -युवतियों की प्रविष्टियां आ चुकी है।

## जिले में चायनीज धागे के पतंगबाजी में इस्तेमाल भंडारण तथा विक्रय को किया गया प्रतिबंधित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** •इंदौर जिले में मानव जीवन एवं पशु, पक्षियों की सुरक्षा को देखते हुए चायना के धागे के पतंगबाजी में उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही इसका भंडारण तथा विक्रय भी प्रतिबंधित किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री शिवम वर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश का उल्लंघन पाये जाने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। मीडिया व अन्य जनसामान्य द्वारा यह तथ्य ध्यान में लाया गया है कि पतंगबाजी में उपयोग होने वाले चायना के धागे के उपयोग से पक्षियों व जनसामान्य को हानि पहुंच रही है। कई बार चायना के धागे से पतंग उड़ाते समय पक्षी इसमें उलझ कर फस जाते है और घायल हो जाते है। कई बार तो पक्षियों की मृत्यु तक हो जाती है। इस धागे से पतंगबाजी के दौरान रोड़ पर चलने वाले राहगीर भी कई बार घायल हो जाते है। चायना धागे की मजबूती इन हादसों का कारण है व इस धागे का उपयोग पतंगबाजी में किये जाने से पशु-पक्षियों व जनसामान्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। निकट भविष्य में मकर संक्रान्ति पर्व आने वाला है तथा इस त्यौहार पर बड़ी संख्या में पतंगबाजी की जाती है । इस प्रकार चायना के धागे का पतंगबाजी में उपयोग की गतिविधियों पर रोकथाम की दृष्टि से इसके उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गीता जयंती पर इंदौर को देंगे गीता भवन की सौगात

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** •मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर इंदौर में गीता भवन का लोकार्पण करेंगे। साथ ही गीता महोत्सव के तहत शहर के बास्केटबॉल क्लब में सुबह 10 बजे 5100 गीतानुरागियों द्वारा सामूहिक गीता पाठ भी किया जाएगा। जबकि शाम को 6 बजे गोपाल मंदिर राजवाड़ा स्थित गीता भवन का लोकार्पण किया जाएगा। इंदौर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत गोपाल मंदिर में गीता भवन बनाया गया। इस गीता भवन की विशेषता यह है कि यहां 550 सीट का एक खूबसूरत सभागृह भी बनाया गया है। इसके साथ ही यहां 100 से अधिक नागरिकों के बैठने की क्षमता वाली लाइब्रेरी तैयार की गई है, इस लाइब्रेरी की विशेषता यह है कि यहां श्रीकृष्ण और भगवदगीता से जुड़ी पुस्तकें ही रहेंगी। गीता जयंती पर यहां श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन होगा और स्कूली बच्चे गीता का पाठ करेंगे।

## जीएसीसी में पहली बार होगा एक दिवसीय युवा संगम कार्यक्रम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शासन के निर्देशानुसार इन्दौर जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में नौकरी दिलाने के लिए लगातार रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर द्वारा आयोजित युवा संगम कार्यक्रम के अन्तर्गत इस रोजगार मेले में सैकड़ों युवाओं को नौकरी दिलायी जा रही है। इसी के तहत 01 दिसम्बर 2025 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स अटल बिहारी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में भँवरकुआं इन्दौर में प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में आवेदकों को कॅरियर बनाने का सुनहरा अवसर है। युवाओं को नौकरी के साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये लोन की प्रक्रिया की जानकारी भी दी जाएगी। मेले के माध्यम से कई प्रतिष्ठित कम्पनियों में 800 युवाओं को नौकरी दिलायी जाएगी। मेले में प्रतिष्ठित कम्पनियाँ द्वारा भर्ती प्रक्रिया की जाएगी। बैक ऑफिस, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फार्मासिष्ट, सैल्स, बीपीओ, पैकेजिंग, हैल्पर, टेक्नीशियन जैसे- (फिटर/ इलेक्ट्रीशियन / टर्नर / मशीनिष्ट, वैल्डर आदि), डिजीटल मार्केटिंग आदि के विभिन्न पदों हेतु आकर्षक वेतन पर नियुक्ति होगी। उक्त मेले में 18 से 40 वर्ष के आवेदक जो की पाँचवीं/आठवीं /हाईस्कूल से लेकर स्नातकोत्तर किसी भी विषय में पास है अथवा तकनीकी योग्यता जैसे आईटीआई के आवेदक है आवेदन कर योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाले आवेदकों को अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों के साथ बायोडेटा की प्रतियाँ एवं अन्य प्रमाण पत्र जैसे-आधार कार्ड आदि के प्रमाणपत्रों की फोटो प्रतियों भी आवश्यक रूप से साथ लाना होगी।

## साइक्लोथॉन से दिए डायबिटीज जागरूकता के संदेश

### शारीरिक श्रम और व्यायाम डायबिटीज़ से लड़ने का सबसे कारगर हथियार- डॉ मनीष शर्मा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • 30 नवंबर को मधुमेह जागरूकता माह के समापन अवसर पर आयोजित साइक्लोथॉन को सी एम एच ओ भोपाल डॉ मनीष शर्मा द्वारा जयप्रकाश जिला चिकित्सालय परिसर से झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एवरी पेडल काउंट्स के संदेश के साथ आयोजित इस साइकिल रैली में डायबिटीज के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में प्ले कार्ड, बैनर्स, पोस्टर्स के माध्यम से जानकारी दी गई । कार्यक्रम में वर्ल्ड डायबिटीज फाउंडेशन, रिजॉल्व टू सेव लाइफ, जपाईगो संस्था द्वारा विशेष सहयोग दिया गया।



इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ मनीष शर्मा ने कहा कि नियमित व्यायाम और शारीरिक श्रम डायबिटीज से बचाव और नियंत्रण में बेहद कारगर है। विशेष रूप से टाइप 2 डायबिटीज मरीजों के लिए नियमित व्यायाम जरूरी है। प्री डायबिटिक स्टेज को रोकने के लिए हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले फूड जैसे आलू , तरबूज, पाइनएप्पल, सफेद शक्कर, चावल, कॉर्न फ्लेक्स, व्हाइट ब्रेड के सेवन से बचना चाहिए।

प्रतिदिन न्यूनतम 40 मिनट का व्यायाम डायबिटीज की संभावना को कम करता है। नियमित जांच, स्वस्थ जीवन शैली एवं चिकित्सक की सलाह से दवाइयों का नियमित सेवन कर सामान्य जीवन जिया जा सकता है । सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की जांच परामर्श एवं दवाइयां निशुल्क दी जाती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और वर्ल्ड डायबिटीज फेडरेशन के अनुसार दुनिया भर में 537 मिलियन से ज्यादा वयस्क मधुमेह से पीड़ित है और अनुमान है कि 2045 तक यह संख्या बढ़कर 783 मिलियन हो जाएगी । मधुमेह हर तबके को प्रभावित करता है, हालांकि विशेष रूप से निम्न और मध्यम आय वाले देशों में ज्यादा प्रचलित है । जहां मधुमेह से पीड़ित 75% से ज्यादा लोग रहते हैं।

## खाटू श्याम मंदिर पर मोक्षदा एकादशी, शाम को भजन संध्या

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** •नवलखा स्थित साजन नगर में भक्तों के सहयोग से नवनिर्मित खाटू श्याम बाबा एवं भगवान नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर सोमवार 1 दिसम्बर को मोक्षदा एकादशी गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में सुबह 8 बजे से मनोहारी श्रृंगार दर्शन किया जाएगा। मंदिर के प्रमुख सुरेश रामपीपलिया एवं साजन नगर रहवासी संघ के अध्यक्ष सुजीत शर्मा ने बताया कि शाम 7 बजे गोपाल मिश्रा एवं अन्य कलाकरों की भजन संध्या का आयोजन भी रखा गया है। मंदिर पर प्रत्येक एकादशी को खाटू श्याम बाबा का मनोहारी श्रृंगार कर प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है।

## आबकारी विभाग द्वारा एक लाख 37 हजार रूपये से अधिक की अवैध शराब जप्त

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • जिले में शराब के अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाकर सतत कार्यवाही की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि के कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में गत दिवस को वृत्त बालदा कॉलोनी ओर बॉम्बे बाजार के सहायक जिला आबकारी अधिकारी जहांगीर खान, धर्मेंद्र जोशी एवं वृत प्रभारी मीरा सिंह की टीम के द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। कार्यवाही में मुखबिर की सूचना पर बुद्धनगर में दबिश दी गई जिसमें कृष्णा पिता देवीसिंह यादव उम्र 24 वर्ष निवासी मुशाखेड़ी को शराब बेचते हुए पकड़ लिया गया आरोपी के कब्जे से 75 पाव देशी मदिरा मसाला और तलाशी लेने पर एक दो पहिया वाहन एमपी09 AT3387 YAMAHA, स्कूटी में कुल 35 पाव देशी मदिरा मसाला बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी कृष्णा के अनुशार कहा गया कि ये मदिरा बंटी पिता पप्पू ठाकुर उम्र 37 वर्ष निवासी 63क्र बुद्धनगर थाना राजेंद्र इंदौर की है, मैं बंटी के साथ मिलकर बिक्री करता हूं। इस मामले में फरार आरोपी बंटी की तलाश की जा रही है।

## श्री माहेश्वरी सेवा संगठन की परीक्षा में सफलता के मंत्र विषय पर हुई कार्यशाला



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • श्री वैष्णव शैक्षणिक एवं पारमर्थिक न्यास के सहयोग से श्री माहेश्वरी सेवा संगठन द्वारा परीक्षा में सफलता के मंत्र विषय पर कार्यशाला वैष्णव स्कूल में आयोजित हुई। परीक्षा में सफलता के मंत्र विषय पर आयोजित इस कार्यशाला की शुरुआत महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव,समाजसेवी श्री गिरधर गोपाल नागर,श्री राजकुमार साबू, कैलाश मुंगड़, सीए.अनिल नाहटा, रविजीत सिंह खनूजा, सीए. निधि बंग ने दीप प्रज्वलन करके की। इस अवसर पर सीए. में आल इंडिया में प्रथम रैंक लाने वाले मुकुंद आगीवाल और शिक्षा दान देने वाले सीए. श्याम गुप्ता, श्रीमती बीना मालानी शर्मा, सुश्री वीणा भुराड़िया, नवीन मुदगल,श्रीमती कामना सोमानी, श्रीमती अनिता गोधा, श्री मनोज मालपानी का सम्मान किया।

## शासकीय और अशासकीय कार्यालय में आंतरिक समिति का गठन करना अनिवार्य

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम 2013 पर इंदौर संभाग अंतर्गत गठित स्थानीय एवं आंतरिक समितियों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन के सभाकक्ष, इंदौर में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर ने की। इंदौर संभाग के 08 जिलों की स्थानीय एवं आंतरिक समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य कार्यशाला में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग इंदौर श्री रजनीश सिन्हा द्वारा श्रीमती विजया रहाटकर तथा सुश्री कनिका का पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

कार्यशाला के दौरान श्रीमती विजया रहाटकर द्वारा अधिनियम 2013 के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि शासकीय, अशासकीय एवं निजी कार्यालयों में जहाँ 10 या अधिक कर्मचारी पदस्थ हों, वहाँ आंतरिक समिति का गठन अनिवार्य है। समिति का गठन न होने पर संबंधित संस्था पर 50,000 रुपए तक के दंड का प्रावधान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन कार्यालयों में 10 से अधिक पुरुष कर्मचारी भी हों, वहाँ समिति गठन अनिवार्य है। साथ ही, असंगठित क्षेत्र की महिलाएँ भी अपनी शिकायत स्थानीय समिति के समक्ष दर्ज करा सकती हैं। उन्होंने बताया कि आंतरिक अथवा स्थानीय समिति के समक्ष प्रस्तुत शिकायतों में शिकायतकर्ता एवं प्रतिवादी दोनों की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है।



## सम्पादकीय

### अमन की मौत हादसा नहीं, हरियाणा की खेल व्यवस्था का एक्सरे रिपोर्ट है, सवाल बड़े हैं, जवाब अभी नहीं

हरियाणा में दो बास्केटबॉल खिलाड़ियों की मौत ने राज्य की खेल नीति, जर्जर ढांचे और विभागीय लापरवाही की सच्चाई उजागर कर दी है हरियाणा में बास्केटबाल के दो खिलाड़ियों की मौत को भले ही हादसे के तौर पर देखा जाए, लेकिन यह दरअसल राज्य के समूचे तंत्र में खेलों के प्रबंधन से लेकर व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों और वहां की खेल नीति पर एक गंभीर सवाल है। इससे अफसोसनाक और क्या होगा कि बास्केटबाल के ये खिलाड़ी अपनी मेहनत और लगन से देश के लिए कुछ बड़ी उपलब्धि हासिल करना चाहते थे, लेकिन सरकारी अव्यवस्था और लापरवाही की वजह से उनकी जान चली गई। दोनों खिलाड़ियों की मौत पर व्यापक चिंता उभरने के बाद हुई कार्रवाई में कुछ संबंधित कर्मचारियों या अधिकारी को निलंबित किया गया और सरकार ने सभी खेल मैदानों और बास्केटबाल के पोल या खंभों की जांच के आदेश जारी किए। मगर सवाल है कि जो खंभे हादसे की वजह बने, लंबे समय से जर्जर हालत में होने के बावजूद संबंधित सरकारी महकमों ने उनकी अनदेखी क्यों की। इस लिहाज से देखें तो हादसों में दोनों खिलाड़ियों की मौत के वास्तविक जिम्मेदारों की पहचान और उन्हें कठघरे में खड़ा करने की जरूरत है। गौरतलब है कि राज्य के रोहतक और बहादुरगढ़ में अभ्यास करने के क्रम में दो खिलाड़ियों के पेट और सीने पर बास्केटबाल का खंभा गिर गया और उनकी मौत हो गई। जो खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के बूते भविष्य में उपलब्धियां हासिल कर परिवार से लेकर देश के लिए गर्व का जरिया बन सकते थे, सरकारी लापरवाही की वजह से उनकी जान चली गई। खबरों के मुताबिक, दोनों ही जगह बास्केटबाल का खंभा इस जर्जर हालत में था कि उसमें हल्का जोर पड़ते ही टूट कर गिर गया। जाहिर है, खंभे का गिरना एक-दो दिन की लापरवाही का नतीजा नहीं हो सकता। रोहतक के लाखनमाजरा स्थित स्टेडियम में करीब पांच सौ खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। वे बीते काफी समय से खेल विभाग के अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक से मैदान की गुणवत्ता और उपकरणों को ठीक कराने की मांग कर रहे थे।

# एक इतिहास की धारणा को बल, एक भूगोल का इंतजार

बंटवारे से पहले सिंध की ज्यादातर आबादी हिंदू थी। प्रचलित शब्दों में वहां के लोगों को सिंधी कहा जाता है। सिंध के बंटवारे को यहां के हिंदू समाज ने ना तो व्यवहारिक माना, और ना ही उचित। आज यह पाकिस्तान का तीसरा बड़ा प्रांत है, जिसका क्षेत्रफल एक लाख 40 हजार 914 वर्ग किलोमीटर है।

जुलाई 2001 का दूसरा हफ्ता था। राजधानी दिल्ली और आगरा में बड़ी हलचल थी। इस हलचल पर समूचे देश या यूं कहिए कि दक्षिण एशिया की विशेष निगाह थी। वजह थी, पंद्रह जुलाई से शुरू हो रही परवेज मुशर्रफ की भारत यात्रा। करगिल युद्ध के खलनायक तब तक पाकिस्तान का शासक हो चुका था। मुशर्रफ तानाशाह राष्ट्रपति बन चुके थे। करगिल का जख्म चूंकि अभी हरा था, लिहाजा मुशर्रफ की यात्रा उत्सुकता, उम्मीद और आशंका के दायरे में थी। जैसा कि ऐसी यात्राओं के दौरान होता है, कूटनीतिक तैयारियां भी खूब होती हैं। परवेज की यात्रा के ठीक पहले अपने चिर-परिचित अंदाज में पाकिस्तान ने कश्मीरी आत्मनिर्णय को लेकर कूटनीतिक दबाव बनाना शुरू कर दिया था। यात्रा के एक या दो दिनों पहले की बात है। दिल्ली में सिंधी समाज ने मुशर्रफ की यात्रा के मद्देनजर एक कार्यक्रम रखा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तत्कालीन उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के सामने पाकिस्तान की उस कोशिश का जिक्र किया गया तो भरे मंच से उन्होंने पाकिस्तान को चेता दिया था, 'अगर पाकिस्तान कश्मीर का सवाल उठाएगा तो भारत जवाबी रूप से सिंध के आत्मनिर्णय का सवाल उठाएगा।'

इस वाकये का जिक्र इसलिए हो रहा है कि देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ठीक चौबीस साल बाद सार्वजनिक मंच से कहा है कि भविष्य में सिंध भारत का हिस्सा हो सकता है। भारत की सीमाओं के बदलने की उम्मीद तो देश का एक तबका काफी अरसे से कर रहा है। लेकिन उसका ध्यान सिंध की बजाय बलूचिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर ज्यादा रहा है। सिंध का सवाल अपेक्षाकृत कम चर्चित और कम ध्यातव्य रहा है। लेकिन यह बात चूंकि देश के रक्षा मंत्री ने कही है तो यह मामला गंभीर हो जाता है। हो सकता है कि यह राजनाथ सिंह का निजी विचार हो। लेकिन वे भारत की आधिकारिक शासक मोदी कैबिनेट के दूसरे नंबर के व्यक्ति हैं। इसलिए उनके शब्द कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाते हैं और उन शब्दों का प्रभाव राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पड़ने स्वाभाविक है।

बंटवारे से पहले सिंध की ज्यादातर आबादी हिंदू थी। प्रचलित शब्दों में वहां के लोगों को सिंधी कहा जाता है। सिंध के बंटवारे को यहां के हिंदू समाज ने ना तो व्यवहारिक माना, और ना ही उचित। आज यह पाकिस्तान का तीसरा बड़ा प्रांत



है, जिसका क्षेत्रफल एक लाख 40 हजार 914 वर्ग किलोमीटर है। गुजरात के कच्छ का रण और राजस्थान का थार रेगिस्तान इसके पूर्व में स्थित है, जबकि दक्षिण में इसका पांव अरब सागर पखार रहा है। अरब सागर के ही किनारे स्थित कराची पाकिस्तान का आर्थिक केंद्र है, जैसे भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई है।

दुनिया के चाहे जिस भी हिस्से में हिंदू समाज रहता है, अपने धार्मिक और संस्कार वाले कामों, पूजा-अर्चना आदि में सबसे पहले खुद को एक मंत्र से पवित्र करता है और अर्चना में जिस जल का उपयोग करता है, उसे वह एक मंत्र के जरिए पवित्र करता है। वह मंत्र है, 'गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती, नर्मदे सिंधु कावेरी जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु '। जिसका अभिप्राय है कि गंगा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु और कावेरी के जले से यह अर्चन कार्य करता हूं। इस मंत्र से स्पष्ट है कि भारतीय मनीषा और संस्कृति के लिए सदियों से गंगा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती , नर्मदा, सिंधु और कावेरी नदियों को पवित्रतम नदियां रही हैं। उनका जल हमारी सभ्यता का वाहक रहा है, उनके जरिए हमारी संस्कृति और सभ्यता का विकास हुआ है। भारत की सप्त पवित्र नदियों में से एक सिंधु इसी सिंध प्रांत से होकर गुजरती है। इस लिहाज से देखें तो भारत भूमि के लिए सिंध का महत्व समझ में आता है। लालकृष्ण आडवाणी भी सिंध के वासी रहे हैं। उन्होंने लिखा है कि उनकी पीढ़ी के सिंध के लोग भारत के विभाजन को स्वीकार नहीं कर पाए। राजनाथ सिंह ने अपने व्याख्यान में इस लेख का भी जिक्र किया है। आडवाणी अपने राजनीतिक उत्कर्ष के दिनों में सिंधु दर्शन यात्रा नाम से आयोजन करते रहे हैं। जिसका मकसद सिंधु के जरिए सिंध की माटी से बिछड़कर भारत आ गए लोगों को जोड़ना और उनकी स्मृतियों को जिंदा रखना रहा।

ब्रिटिश संसद द्वारा पारित कानून के तहत भारत विभाजन की योजना लार्ड माउंटबेटन ने बनाई। उन्होंने इसका जिम्मा कानून के जानकार सिरिल रेडक्लिफ को दिया। रेडक्लिफ को भूगोल और संस्कृति की जानकारी नहीं थी। विभाजन करते वक्त उन्होंने भारतीय वास्तविकताओं का ध्यान नहीं रखा। संस्कृतियों की भी समझ नहीं थी। इसका असर विभाजन पर भी दिखा। रेडक्लिफ रेखा एक तरह से उनकी मूर्खताओं का प्रतीक बन गई। उनकी संस्कृतिहीन सोच की वजह से भारत को विभाजन के वक्त भयानक विभीषिका को झेलना पड़ा। कई जगह पर विभाजन अगर कृत्रिम लगता है तो उसकी वजह रेडक्लिफ की संस्कृति, भूगोल और जमीनी हालात की नासमझी है।

इसी वजह से सिंध से भी भारत में विलय के लिए क्षीण ही सही, आवाजें उठती रहीं है। भारत से पाकिस्तान गए मुसलमानों को भी सम्मान नहीं मिला. उन्हें बिहारी और मुहाजिर कहा जाता रहा। एक दौर में सिंध में मुहाजिर कौमी मूवमेंट चलता रहा, जिसके प्रमुख अल्ताफ हुसैन रहे। हालांकि उनके आंदोलन का मकसद पाकिस्तान में भारत से गए उर्दू भाषी मुसलमानों के अधिकारो की रक्षा रहा। लेकिन पाकिस्तान सरकार उसे भारत समर्थक और विभाजनकारी मानती रही।

बाल्टिस्तान, बलूचिस्तान और पाकिस्तान के अधिकार वाले कश्मीर से तो भारत के साथ जुड़ने की मांग उठती रही है। हाल के दिनों में इस मांग ने तेजी पकड़ी है। वहां से आने वाले वीडियो में 'मोदी-मोदी ' के नारे भी सुनाई देने लगे हैं। हालांकि सिंध प्रांत से ऐसी आवाजें कम उठती रहीं। यहां याद रखना चाहिए कि पाकिस्तान के एक प्रमुख राजनीतिक दल 'पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी' का सबसे ज्यादा असर सिंध प्रांत में ही है। जिसकी प्रमुख एक दौर में बेनजीर भुट्टो रही हैं। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी भुट्टो परिवार की जागीर मानी जाती है।

इन संदर्भों में देखें तो राजनाथ सिंह के बयान इस तथ्य की ओर इशारा करता है कि सिंध में विभाजन को लेकर मांग बढ़ रही है। पाकिस्तान की बदहाली, उर्दू भाषी मुसलमानों के साथ दोयम दर्जे के व्यवहार की वजह से सिंध प्रांत में रह से मुहाजिर लोगों में भी भारत के प्रति अनुराग बढ़ रहा है। बेशक भारत से सीधी जुड़ी रही पीढ़ी अब नहीं रही, लेकिन उसने अपना दर्द, अपने सुहाने सपने और गौरवशाली अतीत को नई पीढ़ी के साथ साझा किया है। नई पीढ़ी के पास सूचना तकनीक है, सूचना के तमाम साधन है। इसलिए वह देख पा रही है कि सीमा के उस पार की हालत कैसी है। उसके लिए भारत का नजारा दर्द और क्षोभ का कारण बन जाता है। क्योंकि आजादी के पहले संयुक्त भारत में सिंध की गिनती समृद्ध राज्यों में होती थी। सिंध कभी हिंदू बहुल राज्य था। कराची शहर हिंदू प्रधान था। पाकिस्तान की जनसंख्या में सिर्फ 2.17 फीसद हिंदू हैं। जो करीब 52 लाख हैं। इनमें से करीब 49 लाख सिंध में ही रहते हैं। 2023 की जनगणना से अनुसार सिंध की आबादी करीब 5.57 करोड़ है। इस लिहाज से देखें तो यहां की आबादी में हिंदुओं की हिस्सेदारी करीब 8.8 प्रतिशत है। ग्रामीण आबादी में करीब 13.3 प्रतिशत हिंदू हैं. ये लोग ज्यादातर सिंध के थारपारकर और उमरकोट जिले में रहते हैं। विभाजन से पहले सिंध के कई जिलों में हिंदुओं की आबादी करीब 90 फीसद थी। 1941 की जनगणना के अनुसार, कराची में ही हिंदुओं की बड़ी संख्या में हिंदू आबादी थी। इसके अलावा शिकारपुर, खैरपुर, लरकाना, सुक्कुर में भारी संख्या में हिंदू रहते थे। आज भी उमरकोट जिले में मुस्लिम समुदाय की तुलना में हिंदुओं की संख्या ज्यादा है। इसकी दूरी भारतीय सीमा से सिर्फ 60 किलोमीटर है। कह सकते हैं कि राजनाथ सिंह के बयान ने वहां के हिंदू समुदाय के लोगों की उम्मीदें जगा दी होंगी। उन्हें लगता होगा कि एक न दिन वे भारत का उसी तरह हिस्सा होंगे, जैसे उनके पुरखे विभाजन के पहले थे। इस बयान ने एक अतीत और इतिहास की धारणा को जिंदा तो कर दिया है, एक भूगोल की उम्मीदें भी जगा दी हैं। एक भूगोल कब हकीकत बन पाएगा, यह कहना फिलहाल मुश्किल है।

**-उमेश चतुर्वेदी**

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं
(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।

## आंचलिक

# लाखों की अवैध शराब जब्त, खोई में टपरी से 38 पेटी मिलीं, एक महिला गिरफ्तार



**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ●भीकनगांव क्षेत्र में आबकारी विभाग ने एक खेत में बनी टपरी से बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की। तलाशी के दौरान कुल 381.99 लीटर शराब मिली, जिसकी कीमत करीब 1.85 लाख रुपये बताई गई है। विभाग ने मौके से एक महिला को भी गिरफ्तार किया। आबकारी प्रभारी सार्थक वर्मा के अनुसार, शनिवार रात खोई गांव में अवैध शराब बिक्री की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर टीम ने एक रहवासी मकान की तलाशी ली। मकान के पिछले हिस्से में बनी टपरी से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार महिला की पहचान सरस्वती पति पंकज सेन के रूप में हुई है। उसके खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 32(2) के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है। बरामद शराब में ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की, गोवा जिन, गोवा व्हिस्की, लेमाउंट बीयर और पॉवर कूल बीयर की कई पेटियां शामिल थीं।

# ईको टूरिज्म ट्रेनिंग, जैव विविधता की जानकारी दी, रेंज के प्रेरकों को प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ●खरगोन सामान्य वनमंडल में रविवार को जिलास्तरीय ईको पर्यटन प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रेरकों को प्रकृति, वन और वन्य प्राणियों से संबंधित अद्यतन जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे पर्यटकों को बेहतर अनुभव दे सकें। ईको सेंटर पीपलझोपा में आयोजित इस प्रशिक्षण में मध्य प्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के मुख्य प्रशिक्षक मुकेश राठौर ने वनक्षेत्र की जैव विविधता और समग्र जानकारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अनुभूति कैंप में बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ दुर्लभ सामग्री के बारे में रोचक तरीके से बताया जाना चाहिए, ताकि पर्यटक उसकी चर्चा करें। सहायक प्रशिक्षक राजेंद्रसिंह सोलंकी और सेवानिवृत्त रेंजर श्रीराम राठौर ने अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने प्रेरकों को दुर्लभ जड़ी-बूटियों और उनके औषधीय उपयोग की जानकारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

# जवान ब्लड कैंसर से हारा जंग, गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम संस्कार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ●आशापुर निवासी आर्मी जवान गोविंदा मालवीय का कैंसर के चलते निधन हो गया है। वे असम राइफल्स में पदस्थ थे और उनकी ड्यूटी बांग्लादेश बॉर्डर पर थी। लंबे समय से बीमार होने के कारण आर्मी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, जहां गुरुवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। शनिवार सुबह उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव लाया गया, जहां आर्मी अफसरों की मौजूदगी में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम संस्कार किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, जवान गोविंदा मालवीय को ब्लड कैंसर था। वे करीब डेढ़ साल से बीमार चल रहे थे। पिछले तीन महीने से उनकी हालत और ज्यादा गंभीर हो गई थी। वे असम के आर्मी अस्पताल में भर्ती थे, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। जवान गोविंदा की शादी दो साल पहले हुई थी। उनकी पत्नी पुलिसकर्मी हैं और उनकी एक 6 महीने की बेटी है। गोविंदा परिवार में 3 बहनों और 2 भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके पिता मांगीलाल मालवीय बैंक से रिटायर कर्मचारी हैं, जबकि भाई पंकज मालवीय गांव में ही रहते हैं। गोविंदा की ज्वॉइनिंग 2010 में हुई थी। फिलहाल वे असम राइफल्स में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनका रिटायरमेंट दो साल के भीतर होना था, लेकिन उससे पहले ही यह दुखद घटना हो गई। गोविंदा आखिरी बार इसी साल अगस्त महीने में रक्षाबंधन पर्व पर आशापुर आए थे। इस दौरान वे काफी दिनों तक यहां रुके और दोस्तों व परिजनों से मुलाकात की थी। यहां से वापस असम लौटने के बाद उनकी तबीयत और ज्यादा बिगड़ गई थी।

**गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई** - परिजनों को उनकी मौत की खबर 3 दिन पहले मिल गई थी। शनिवार सुबह 9 बजे उनका पार्थिव शरीर आशापुर स्थित फॉरेस्ट डिपो पर पहुंचा। यहां से उन्हें घर ले जाया गया, फिर अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम ले जाया गया, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।



# शराब पीकर छेड़ा तो स्वेटर से गला दबाकर मार डाला, हत्यारे पति-पत्नी गिरफ्तार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● हरसूद थाना क्षेत्र में दो दिन पहले मिली एक व्यक्ति की लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पीएम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की बात सामने आने के बाद पुलिस ने जांच की, तो पता चला कि मृतक ने जिस घर में शराब पी थी, वहां रहने वाले पति-पत्नी ने ही उसे मार डाला था। मृतक ने नशे में दोस्त की पत्नी से छेड़छाड़ की थी। पुलिस ने शनिवार देर रात हत्या का मामला दर्ज कर रविवार सुबह आरोपी दंपती को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना हरसूद थाना क्षेत्र के ग्राम सेल्दा माल की है। यहां गिट्टी खदान के पास शनिवार सुबह एक व्यक्ति की लाश मिली थी। उसकी पहचान मांडला गांव के रहने वाले 42 वर्षीय मुकेश (पिता अमरसिंग बकोरिया) के रूप में हुई। पुलिस ने हरसूद अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया, जिसमें खुलासा हुआ कि मुकेश की मौत दम घुटने से हुई है। डॉक्टरों ने गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि की।

**शराब पीकर पत्नी का हाथ पकड़ा**- पुलिस ने सेल्दामाल निवासी गुलाब (पिता देवीसिंह बारेला) और उसकी पत्नी मुन्नीबाई बारेला को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी गुलाब ने बताया कि मुकेश अक्सर शराब लेकर उसके घर आता था। शुक्रवार रात 10 बजे भी वह दोस्त अशोक के साथ आया और शराब पीने लगा। अशोक के जाने के बाद नशे में धुत मुकेश ने मुन्नीबाई के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी।

**पीछा किया, बोला- रात रंगीन करूंगा**- गुलाब ने बताया कि विरोध करने पर मुकेश गालियां देने लगा। इससे बचने के लिए पति-पत्नी घर से निकलकर गिट्टी खदान की तरफ भागे। लेकिन मुकेश उनके पीछे आ गया। आरोपी के मुताबिक, 'वह भागता हुआ आया और कहने लगा कि मैं तो मुन्नीबाई के साथ रात रंगीन करूंगा। वो बहुत परेशान करने लगा।'

**स्वेटर से मुंह दबाया, फिर गला घोंटा**- इसी बीच मुन्नीबाई गुस्सा हो गई। कहासुनी के दौरान मुकेश जोर-जोर से चिल्लाने लगा। उसे चुप कराने के लिए दंपती ने उसी के स्वेटर से उसका मुंह दबाया। जब वह काबू में नहीं आया तो उसका गला दबा दिया। कुछ देर बाद उसकी सांसें थम गईं। दंपती ने सोचा वह बेहोश हुआ है और वहां से चले गए। टीआई राजकुमार राठौर के मुताबिक, इस अंधे कत्ल के खुलासे में मृतक की बाइक अहम सुराग बनी। घटना वाली रात 1 बजे मृतक के पिता अमरसिंह उसे ढूंढते हुए गुलाब के घर पहुंचे थे। गुलाब ने कहा कि मुकेश तो कबका चला गया। लेकिन मुकेश की बाइक घर के बाहर ही खड़ी थी।

# लकड़ी तस्करों पर छापा, घरों की छतों पर मिला 5 लाख का अवैध सागौन, 3 गाड़ियों में भरकर डिपो लाया वन अमला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● वन विभाग की टीम ने सागौन लकड़ी के अवैध कारोबारियों पर बड़ी कार्रवाई की है। जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर टिटगांव में शनिवार सुबह वन अमले ने छापा मारा। टीम ने गांव के 5 घरों में दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध सागौन जब्त किया है। ये लकड़ियां घरों की छतों और कमरों में फर्नीचर बनाने के लिए छिपाई गई थीं। जब्त लकड़ी की कीमत 5 लाख रुपए से ज्यादा बताई जा रही है। खंडवा वन परिक्षेत्र के रेंजर शंकरसिंह चौहान ने बताया कि मुखबिर से अवैध लकड़ी जमा होने की सूचना मिली थी। इसके आधार पर वन अमले ने योजना बनाई और शनिवार सुबह 8:30 बजे टीम गांव पहुंच गई। आधे घंटे बाद सुबह 9 बजे टीम ने चिन्हित 5 घरों में एक साथ दबिश दी।

### छतों और कमरों में छिपाकर रखी थी लकड़ी

तलाशी के दौरान किसी घर की छत पर तो किसी के कमरों में फर्नीचर के लिए तैयार की गई सागौन की लकड़ी मिली। जांच में सामने आया कि यह सागौन पास के फॉरेस्ट एरिया से ही काटकर लाई गई थी, जिससे अवैध रूप से फर्नीचर तैयार किए जा रहे थे।

### 3 वाहनों में भरकर डिपो लाया गया माल

रेंजर चौहान के मुताबिक, जब्त लकड़ी की मात्रा इतनी ज्यादा थी कि उसे टिटगांव से खंडवा स्थित वन विभाग के डिपो तक लाने के लिए तीन वाहन (दो पिकअप और एक ट्रैक्टर) लगाने पड़े। डिपो पर नपती करने पर 5 घनमीटर से ज्यादा लकड़ी पाई गई, जिसकी बाजार कीमत 5 लाख रुपए से अधिक है।

# मेसी इसी माह भारत दौरे पर पहुंचेंगे

**अर्जेंटीना (एजेंसी)** ● अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनेल मेसी इसी माह भारत दौरे पर आयेंगे। इस बार हैदराबाद भी उनके दौरे में शामिल रहेगा। वह सबसे पहले कोलकाता पहुंचेंगे। इसके बाद वह हैदराबाद आएंगे, फिर मुंबई और अंत में दिल्ली पहुंचेंगे, यहां वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे। मेसी ने सोशल मीडिया में लिखा, भारत, आपके प्यार के लिए धन्यवाद! मेरा दौरा कुछ ही समय में शुरू हो रहा है। खुशी है कि हैदराबाद को भी मेरी यात्रा में शामिल किया गया है। जल्द मिलते हैं! कोच्चि में उनका मैत्री मैच रद्द होने के बाद कार्यक्रम में ये बदलाव आया है। पहले उनका कार्यकम नवंबर में आने का था जो बाद में स्थगित कर दिय गया था। इसी के बाद उनके दौरे की नई योजना में हैदराबाद को भी जोड़ा गया। नए कार्यक्रम के अनुसार मेसी का दौरा चारों प्रमुख हिस्सों में रहेगा। इस दौरे के आयोजक सतद्रु दत्ता ने बताया कि हैदराबाद में कार्यक्रम गाचीबौली स्टेडियम या राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में होगा।यहां होंगे सेलिब्रिटी फुटबॉल मैच, फुटबॉल क्लिनिक, मास्टरक्लास, संगीत कार्यक्रम,मेसी का सम्मान समारोह। यात्रा का पूरा कार्यक्रम इस प्रकार है। 13 दिसंबर को वह सुबह कोलकाता में रहेंगे जबकि शाम को हैदराबाद जाएंगे। वहीं 14 दिसंबर को मुम्बई में रहेंगे जबकि 15 दिसंबर को नई दिल्ली पहुंचेंगे। मेसी के इस दौरे को लेकर प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह है।



# 'भाभी जी घर पर हैं' से अलग हो रही हैं शुभांगी



**मुंबई (एजेंसी)** ● टीवी शो 'भाभी जी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस शुभांगी अत्रे ने आखिरकार शो छोड़ने की खबर की पुष्टि कर दी है। उन्हें शो की पुरानी अंगूरी भाभी यानी शिल्पा शिंदे रिप्लेस करने वाली हैं। एक्ट्रेस ने स्वयं बताया है कि 10 साल बाद वह शो से अलग हो रही हैं और इसे वह एक सकारात्मक मोड़ की तरह देख रही हैं। उनके अनुसार यह बदलाव उनके पेशेवर जीवन में नए अवसरों का मार्ग खोलेगा। शुभांगी ने कहा कि उन्होंने हमेशा शो की निर्माता मिसेस कोहली से वादा किया था कि वह शो की यात्रा को सम्मान और गरिमा के साथ शुरू और समाप्त करेंगी, और यह एग्जिट उनके लिए बिल्कुल वैसा ही है जैसा वह चाहती थीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि रिप्लेसमेंट के पीछे कोई नकारात्मक वजह नहीं है, बल्कि वह एक कलाकार के रूप में नए किरदारों को एक्सप्लोर करना चाहती हैं।

## डुप्लेसिस ने आईपीएल से ली विदा, सीएसके के लिए खेलना चाहते थे आखिरी मैच

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● साउथ अफ्रीका के अनुभवी बल्लेबाज फाफ डु प्लेसिस ने इंडियन प्रीमियर लीग में अपने 14 साल के लंबे सफर को समाप्त करते हुए आईपीएल 2026 की नीलामी के लिए अपना नाम नहीं दिया है। इस फैसले के बाद, अब वह पाकिस्तान सुपर लीग में एक नई चुनौती के लिए तैयार हैं। डु प्लेसिस ने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स, राइजिंग पुणे सुपरजाइंट, रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु के कप्तान के तौर पर और हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स जैसी कई फ्रेंचाइजियों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। सीएसके ने उन्हें खास अंदाज में विदाई दी। डु प्लेसिस ने भी आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं हमेशा सोचता था कि मैं वापस पीली जर्सी में ही खत्म करूंगा।



## देव कुमावत को बैडमिंटन चैंपियनशिप में रजत पदक

### एकल ग्रुप में मिला दूसरा स्थान



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर के देव कुमावत ने मध्य प्रदेश स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप- 2025 के एकल ग्रुप में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने स्पर्धा के सेमीफाइनल में धार के संजय को 21-16, 21-13 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। देव कुमावत ने रजत पदक हासिल किया। इसी के साथ उनका सीनियर नेशनल टीम में चयन हुआ। मप्र पुलैला गोपीचंद उत्कृष्ट बैडमिंटन अकादमी, ग्वालियर के देव कुमावत खेल एवं युवा कल्याण विभाग मप्र शासन द्वारा ग्वालियर में संचालित मप्र बैडमिंटन अकादमी में खेलते हैं। देव कुमावत को इस उपलब्धि पर मप्र खेल संचालक राकेश गुप्ता, सहायक संचालक प्रदीप अस्टीया, खेल और युवा कल्याण अधिकारी जोसेफ बक्सला, एकेडमी प्रभारी हितेंद्रसिंह पाल एवं प्रदेश की खेल इकाई ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

## 'लोग क्या कहेंगे' की कहानी में भावनाओं और यादों का चित्रण : गिरिजा ओक

**मुंबई (एजेंसी)** ● अभिनेता पंकज त्रिपाठी और मोहित छाबड़ा एक नई वेब सीरीज 'परफेक्ट फैमिली' के साथ आ रहे हैं। इस सीरीज में अभिनेत्री गिरिजा ओक अहम भूमिका निभा रही हैं, और हाल ही में जारी प्रोमो में वह नीति करकारिया के रूप में नजर आई। वेबसीरीज के इस प्रोमो से स्पष्ट है कि यह कहानी केवल पारिवारिक ड्रामा नहीं है, बल्कि उन भावनाओं और यादों का चित्रण है, जिन्हें हम बड़े होने पर समझ पाते हैं। मनोज पाहवा, सीमा पाहवा, गुलशन देवैया और नेहा धूपिया जैसे अनुभवी कलाकार इसमें शामिल हैं, जिससे कहानी और भी मजबूत बनती है। गिरिजा ओक ने अपने किरदार और शो के विषय पर बात करते हुए कहा कि बचपन का ट्रॉमा अपने भीतर गहरे असर छोड़ता है। बच्चे को उस समय यह अहसास भी नहीं होता कि वह किसी भारी भावनात्मक बोझ से गुजर रहा है, वह केवल परिस्थितियों से तालमेल बैठाने की कोशिश कर रहा होता है। उन्होंने कहा कि माता-पिता हमेशा अपने बच्चों के लिए अच्छा ही चाहते हैं, लेकिन कई बार 'लोग क्या कहेंगे' वाली सोच उन्हें सही निर्णय लेने से रोक देती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर माता-पिता समाज के दबाव से ऊपर उठकर सोचें तो वे बेहतर समझ पाएंगे कि उनके बच्चे के लिए वास्तव में क्या जरूरी है।



# उज्जैन संभाग

# नवजात की जान लेने वाली फर्जी डॉ. गिरफ्तार पुलिस को देखकर भागने लगी डॉक्टर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●अवैध क्लिनिक संचालित कर नवजात बच्चे की जान लेने वाली फर्जी डॉ. तैयबा को करीब दो माह बाद पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। डॉ. तैयबा पर फर्जी डिग्री पर इलाज करने और नवजात की मौत का आरोप है। 2 अक्टूबर को चिंतामन में रहने वाले लखन मालवीय की पत्नी काजल को प्रसव पीड़ा होने पर डॉ. तैयबा शेख के मक्सी रोड स्थित पंवासा क्षेत्र के आशीर्वाद अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया था। इलाज शुरू कर काजल को खून की बोतल लगाई गई और दिनभर इलाज चलता रहा। हालत बिगड़ने पर डॉ. तैयबा उसे पाटीदार ब्रिज के पास अपने अस्पताल ले गईं और वहां से काजल और उसके परिजन को छोड़कर भाग गईं। बच्चे की मौत के बाद 3 अक्टूबर को डॉ. तैयबा के अस्पताल को सील कर दिया गया था। इसके बाद 6 अक्टूबर को स्वास्थ्य विभाग की टीम विशेष अस्पताल पहुंची, जहां काजल के भर्ती होने और इलाज से जुड़ी जानकारी की जांच कर रिपोर्ट विभाग को सौंपी गई थी।

गंभीर लापरवाही के चलते नवजात शिशु की मृत्यु

थाना प्रभारी पवासा, उपनिरीक्षक गमर सिंह मण्डलोई ने बताया कि अवैध क्लिनिक संचालन एवं बिना वैध डिग्री के



प्रसूति और उपचार के दौरान नवजात शिशु की संदिग्ध मृत्यु होने पर मर्ग क्रमांक 15/2025, धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

तैयबा शेख द्वारा बिना किसी वैध डिग्री और क्लिनिक पंजीयन के प्रसव कराया गया। प्रसूति के दौरान आरोपी द्वारा दिए गए इंजेक्शन और उपचार में की गई गंभीर लापरवाही के कारण नवजात शिशु की मृत्यु हुई पाई गई। जांच में आरोपी तैयबा शेख के पास प्रसूति एवं एलोपैथिक उपचार के लिए कोई वैध चिकित्सीय डिग्री नहीं मिली। साथ ही जांच में यह भी पाया गया कि 'खुशी क्लिनिक' और 'आशीर्वाद मेडिकल एंड सर्जिकल क्लिनिक' बिना पंजीकरण के संचालित हो रहे थे।

### पुलिस को देख भागने लगी

मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम द्वारा जानसापुरा क्षेत्र में सर्चिंग की गई, जहां एक महिला संदेहास्पद अवस्था में गली में घूमती मिली, जो पुलिस को देखकर भागने लगी। महिला को महिला पुलिस अधिकारियों ने घेराबंदी कर पकड़ा और नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम तैयबा शेख पति अमर कुशवाह, उम्र 35 वर्ष, निवासी पांड्याखेड़ी, उज्जैन बताया। इसके बाद आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। उज्जैन में गलत इलाज कर नवजात की जान लेने वाली फर्जी डॉ. तैयबा पर घटना के 7 दिन बाद पंवासा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वहीं आशीर्वाद अस्पताल के बाद उनके विशेष अस्पताल को सील कर दिया है।

## बस स्टैंड पहुंचे सीएम, खुद बनाई चाय, डॉ. मोहन यादव ने बीएलओ और मतदाताओं से बातचीत कर उनका हाल जाना

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●बेटे की शादी समारोह से समय निकालकर सीएम डॉ. मोहन यादव शनिवार शाम को नानाखेड़ा बस स्टैंड पहुंचे। यहां उन्होंने न सिर्फ चाय की दुकान पर चाय बनाई, बल्कि चाय पीकर दुकान संचालक से उसके हाल-चाल भी पूछे। सीएम ने बीएलओ और मतदाताओं से बातचीत कर उनका भी हाल जाना। सीएम डॉ. मोहन यादव के यहां शनिवार और रविवार को विवाह के मुख्य प्रसंग हैं। इसी वजह से वे उज्जैन में ही हैं। शादी समारोह से समय निकालकर सीएम अपने विधानसभा में चल रहे एसआईआर के काम को देखने पहुंचे। नानाखेड़ा में सीएम ने बीएलओ से जानकारी लेने के साथ ही मतदाताओं से भी जानकारी लेकर हाल-चाल जाना। इस दौरान सीएम ने मीडिया से बात की और कहा कि उज्जैन प्रवास के दौरान विवाह समारोह से समय मिलते ही नानाखेड़ा बस स्टैंड पर व्यवस्था देखने, आम लोगों और ऑटो चालकों से बातचीत करने का मौका मिला।

## नलखेड़ा के बगलामुखी मंदिर भूमि से कब्जा हटाया, हाईकोर्ट के आदेश के बाद देर रात बड़ी कार्रवाई; प्रशासन ने बोर्ड लगाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**आगर - मालवा** ●मां बगलामुखी मंदिर परिसर की भूमि से दो दशक पुराना कब्जा हटा दिया गया है। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद प्रशासन ने यह कार्रवाई की। हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सुनाए अपने फैसले में स्पष्ट किया था कि यह विवादित भूमि मूर्ति श्रीराम मंदिर की है और 1997 में फर्जी तरीके से ली गई डिक्री अवैध थी। उच्च न्यायालय का आदेश मिलते ही शुक्रवार शाम को जिला प्रशासन सक्रिय हो गया। रात में ही मंदिर परिसर से सटी विवादित दुकानों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। शनिवार सुबह तक लोगों ने अपनी दुकानों का मलबा हटाना शुरू कर दिया था। इसके बाद प्रशासन ने कब्जा मुक्त की गई भूमि पर सभी सर्वे नंबरों का उल्लेख करते हुए एक बड़ा बोर्ड लगाया। इस बोर्ड पर स्पष्ट लिखा है कि यह भूमि अब प्रशासन/मूर्ति श्रीराम मंदिर के कब्जे में है।

### प्रशासन के सुपुर्द की जमीन

कलेक्टर प्रीति यादव ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार भूमि को कब्जा मुक्त कर प्रशासन के सुपुर्द कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह भूमि मंदिर के उपयोग और संरक्षण के लिए ही निर्धारित की जाएगी। भविष्य में किसी भी अवैध कब्जे या दावे पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त महाधिवक्ता आनंद सोनी ने अंतिम सुनवाई में सरकार के पक्ष में मजबूत तर्क प्रस्तुत किए थे। इन्हीं तर्कों के आधार पर हाईकोर्ट ने शुक्रवार को दो दशक पुराने इस विवाद का अंत करते हुए सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया।

## सिंहस्थ से पहले स्थानीय अखाड़ा परिषद भंग, तीन सदस्यों ने इस्तीफा दिया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● सिंहस्थ से पहले उज्जैन में स्थानीय अखाड़ा परिषद के पदाधिकारियों ने इस्तीफा देकर परिषद को भंग कर दिया। रविवार दोपहर को दत्त अखाड़े की आपात बैठक में चार संतों ने परिषद से इस्तीफा देकर परिषद भंग होने का दावा किया। इधर, स्थानीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने ऐसे किसी भी जानकारी से इंकार किया है। रविवार को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज और महामंत्री हरि गिरि महाराज उज्जैन पहुंचे। यहां दोपहर में शिप्रा नदी किनारे स्थित दत्त अखाड़े में महंत आनंदपुरी महाराज की अध्यक्षता में हुई एक आपात बैठक में, स्थानीय अखाड़ा परिषद को तत्काल प्रभाव से भंग करने की घोषणा कर दी गई।

### अखाड़ा परिषद की बैठक

यहां पर स्थानीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत रामेश्वर गिरी महाराज, उपाध्यक्ष महंत आनंद पुरी महाराज, प्रवक्ता महंत श्याम गिरी महाराज ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। रामेश्वर गिरी महाराज ने कहा कि अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद सिंहस्थ का काम देखती है और वो अब काम देख रही है। इसलिए स्थानीय अखाड़ा परिषद का कोई काम नहीं। इधर, सात में से तीन पदाधिकारियों के इस्तीफे की खबर के बाद स्थानीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रामेश्वर दास ने कहा कि हमारी संस्था रजिस्टर्ड है। और ना ही हमारे पास इस्तीफे की कोई सूचना है। अगर उन्होंने कोई इस्तीफा दिया है तो हमारे पास देना था। कल उनसे बात की जाएगी।

## नदी में कूदे युवक-युवती, मौके पर बाइक-मोबाइल लेडीज चप्पलें मिलीं, अंधेरे की वजह से रुका रेस्क्यू

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● पीरझलार में युवक और युवती एक साथ चामला नदी में कूद गए। पुलिस ने नाव और स्थानीय गोताखोरों की मदद से सर्चिंग अभियान चलाया। रविवार देर रात तक दोनों में से किसी का पता नहीं चल सका। अंधेरा होने की वजह से रेस्क्यू रोक दिया गया। इसे सोमवार सुबह फिर शुरू किया जाएगा। मौके पर युवक का मोबाइल और बाइक मिली है। वहीं एक जोड़ी लेडीज चप्पल भी मिली हैं। बड़नगर थाना पुलिस ने बताया कि युवक ने नदी में छलांग लगाने से पहले अपने चाचा को फोन किया था। उसने कहा था कि मोबाइल और बाइक पुल पर खड़ी करके जा रहा हूं, आप ले जाना। चाचा के बयान के आधार पर युवक की पहचान 19 वर्षीय वारिस के रूप में हुई है। युवती के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

### रस्सी और आंकड़ी से की तलाश

थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि स्थानीय गोताखोर लगातार रेस्क्यू अभियान में लगे रहे लेकिन देर रात तक सफलता नहीं मिल पाई। 6 लोगों की टीम ने नदी में रस्सी और आंकड़ी से भी तलाश की। अंधेरा में दिक्कत होने की वजह से रेस्क्यू अभियान बंद कर दिया गया है। सुबह एसडीआरएफ की टीम आकर दोबारा तलाश शुरू करेगी।

## सिंहस्थ मेला क्षेत्र में जाने के लिए नया रास्ता, वाकणकर पास बन रहा नया ब्रिज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● हरि फाटक ब्रिज के समीप वाकणकर ब्रिज के पैरेलल एक और ब्रिज बन रहा है। सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए इस पुल का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी कनेक्टिविटी हरि फाटक चौराहा से रहेगी। लोग रास्ते से आना और जाना कर सकेंगे। नया ब्रिज बनने से यह फोरलेन रास्ता हो जाएगा, जो सीधे सांवराखेड़ी, मुल्लापुरा बायपास और दाउदखेड़ी को जोड़ेगा।



न्यूज़ ब्रीफ

## जीएसीसी कॉलेज में पहली बार होगा एक दिवसीय युवा संगम कार्यक्रम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शासन के निर्देशानुसार इन्दौर जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में नौकरी दिलाने के लिए लगातार रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर द्वारा आयोजित युवा संगम कार्यक्रम के अन्तर्गत इस रोजगार मेले में सैकड़ों युवाओं को नौकरी दिलायी जा रही है। इसी के तहत 01 दिसम्बर 2025 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में भँवरकुआं इन्दौर में प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। उप संचालक रोजगार श्री पी. एस. मण्डलोई ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में आवेदकों को कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर है। युवाओं को नौकरी के साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये लोन की प्रक्रिया की जानकारी भी दी जाएगी। मेले के माध्यम से कई प्रतिष्ठित कम्पनियों में 800 युवाओं को नौकरी दिलायी जाएगी।

## गणना पत्रक 11 तक भरे जाएंगे, 14 को होगा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की भारत निर्वाचन आयोग ने समय सीमा बढ़ा दी है। इस संबंध में आयोग ने निर्देश भी जारी कर दिए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र श्री संजीव कुमार झा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 30 नवंबर को संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम अनुसार मध्यप्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया अब 14 फरवरी 2026 तक चलेगी। इसके अनुसार अब 11 दिसम्बर 2025 तक एन्युमरेशन फार्म भरने का काम बीएलओ द्वारा किया जाएगा। 16 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा।

### चाइनीज मांझा गले में उलझा, नाबालिग की गर्दन कटी, अस्पताल में हो गई मौत

# ये कैसी लगी है मांझे पर रोक? बीच-बचाव कराने वालों की अंगुलियां भी कटी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • कल चाइनीज मांझे से एक नाबालिग छात्र की मौत हो गई। 16 साल का नाबालिग अपने भाई और दोस्तों के साथ बाइक पर जा रहा था तभी चाइनीज मांझा उसकी गर्दन पर आकर लगा और उसकी गर्दन बुरी तरह से जख्मी हो गई। यह देख उसके भाई और साथी ने हाथ से मांझा हटाना चाहा तो वह भी घायल हो गया। नाबालिग की गर्दन से लगातार खून बहता देख उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया।

थाना प्रभारी देवेंद्र मरकाम ने बताया कि बाइक पर सवार होकर गुलशन पिता रामकिशन (16) निवासी ओमेक्स सिटी अपने भाई अरूण और दोस्त कृष्णा, नंदू के साथ रविवार को रालामंडल घूमने गया था वहां से दोपहर जब ये चारों बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे तभी सहारा सिटी के सामने अचानक चाइनीज मांझा बाइक चला रहे गुलशन की गर्दन में फंस गया। मांझे से उसकी गर्दन कट गई और खून निकलने लगा पीछे बैठे भाई अरूण और दोस्त कृष्णा और नंदू ने देखा तो उन्होंने हाथ से मांझा पकड़कर दूर करने की कोशिश की तो वे भी घायल हो गए इस बीच गुलशन गश खाकर जमीन पर गिर गया तत्काल उसे निजी अस्पताल और फिर हालत गंभीर होने पर एमवाय अस्पताल ले जाया गया जहां गुलशन (16) की मौत हो गई। गर्दन कटने से अधिक खून बहा जिसके चलते उसने दम तोड़ दिया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन ने चाइनीज मांझे के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा रखा है इसके बावजूद भी शहर में धड़ल्ले से चाइनीज मांझा बिक रहा है। चाइनीज मांझे से मृतक के भाई और दोस्त की अंगुलियां भी कट गई हैं।

**चाइनीज मांझा बेचने वाली कई दुकानों पर छापे :** कलेक्टर शिवम वर्मा ने 25 नवंबर को चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध लगाया था। उसके बाद भी शहर के कई इलाको में चाइनीज मांझा बिक रहा था। नाबालिग की मौत के बाद पुलिस टीम सक्रिय हुई और ताबड़ तोड़ पतंग की दुकानों पर छापे मारना शुरु कर दिया। तुकोगंज के साथ ही छत्रीपुरा और अन्य इलाकों में भी पतंग की दुकानों पर पुलिस



टीम पहुंची है। इन छापों के दौरान तुकोगंज पुलिस ने रुस्तम का बगीचा में गणेश पतंग वाले की दुकान पर छापा मारा तो वहां चाइनीज मांझे के कई उचके। मिले। पुलिस ने यहां से बेचने के लिए 51 बंडल चाइनीज मांझा जब्त किया है। इसकी कीमत 10 हजार रुपए से ज्यादा बताई गई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी गणेश जायसवाल पिता घनश्याम जायसवाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस उससे पूछताछ कर ये पता लगा रही रही है कि वह ये चाइनीज मांझा कहां से और किससे लाया था। इसके साथ ही छत्रीपुरा इलाके से भी चाइनीज मांझा जब्त होने की सूचना मिली है। पुलिस ने आजाद नगर, संयोगितागंज, भंवरकुआ सहित शहर के विभिन्न इलाकों में पतंग की दुकानों की सर्चिंग की है। समाचार लिखे जाने तक आधा दर्जन से ज्यादा स्थानों से चाइनीज मांझा जब्त होने की खबर है। पुलिस का कहना है कि अब ये अभियान निरंतर चलेगा और चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी चाइनीज मांझा से कई लोग घायल हो चुके हैं और कुछ की मौत के मामले भी सामने आए हैं। चाइनीज मांझा आम जन के लिए खतरनाक है और इसी लिए इस पर प्रतिबंध लगाया गया था। सूत्र बताते हैं कि इंदौर में कई दूसरे राज्यों से ये चाइनीज मांझा मंगवाया जाता है। अब पुलिस एक बार फिर चाइनीज मांझे के खिलाफ मैदान में आ गई है। एडिशनल डीसीपी, क्राइम राजेश दंडोतिया ने बताया कि चाइनीज मांझा लोगों के लिए जानलेवा है। कई दुकानदार पैसों की लालच में इसे बेचते हैं। पुलिस अब ऐसे दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी जो इस गोरखधंधे में शामिल हैं।

### कार सवार की मदद से भी नहीं बची जान

टीआई मरकाम ने बताया कि गुलशन को घायल अवस्था में सड़क पर पड़ा देखा और साथियों को चिल्लाते हुए देखा तो कार सवार ने फौरन कार रोकी और चारों को अपनी कार में बिठाकर पास के निजी अस्पताल में ले गया यहां डाक्टरों ने बताया कि गुलशन की हालत बेहद नाजुक है इसके फौरन एमवाय अस्पताल लेकर जाओ इस पर कार सवार सभी को साथ लेकर एमवाय अस्पताल पहुंचा जहां डाक्टरों ने गुलशन को मृत घोषित कर दिया। गुलशन का परिवार मूलरूप से अशोक नगर के ढीकरी का रहने वाला है। गुलशन 8 वीं क्लास में पढता था। हादसे की जानकारी तेजाजी नगर पुलिस को सूचना दी गई थी। जांच के बाद पता चला कि सहारा सिटी का ये हिस्सा कनाड़िया थाना क्षेत्र में आता है, ऐसे में प्रारंभिक जांच के बाद आगे की कार्रवाई करने के लिए मामला कनाड़िया पुलिस को सौंप दिया गया है। टीआई देवेंद्र मरकाम ने इसकी पुष्टि भी की।

### केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का कांग्रेस पर तंज

# जहां सत्ता बची वहां भी कुर्सी की लड़ाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस को कभी भी नहीं सीखने वाला विद्यार्थी बताया है। सीएम डॉ. मोहन यादव के यहां शादी के लिए उज्जैन जा रहे सिंधिया ने इंदौर एयरपोर्ट पर मीडिया से छोटी चर्चा की। उन्होंने कर्नाटक में चल रही कुर्सी की लड़ाई और लगातार हार को लेकर कांग्रेस को निशाने पर लिया।



हेराल्ड केस को लेकर सिंधिया ने टिप्पणी करने से इंकार कर दिया। लेकिन कहा कि एक ओर बीजेपी है तो दूसरी ओर ऐसा दल है, जो जहां सत्ता भी बची है तो वहां कुर्सी की लड़ाई में लग गई है। जनता तो इनके दृश्य से संपूर्ण रूप से गायब हो चुकी है। वो स्थिति यदि उस दल की हो जाए तो उसका भविष्य क्या होगा। यह जनता ही निर्णय लेगी और जनता ही बार-बार सबक सिखाती है। लेकिन कुछ ऐसे विद्यार्थी होते हैं जो सबक सीखने के लिए तैयार ही नहीं होते हैं।

सिंधिया ने कहा कि हर राजनीतिक दल जनता के विकास, सेवा और प्रगति के लिए अपना एजेंडा लेकर जाता है। पीएम के नेतृत्व में पूरे देश में बीजेपी का परचम जनता ने लहराया है। चौमुखी विकास, चौमुखी प्रगति और विश्पटल में देश को उभारने का काम पीएम व बीजेपी ने किया है।

- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस पार्टी को 'कभी भी नहीं सीखने वाला विद्यार्थी' बताया। उनका कहना था कि कांग्रेस लगातार सत्ता बचाने की बजाय, कुर्सी की लड़ाई में लगी है। वहीं जनता इससे पूरी तरह गायब हो चुकी है।
- सिंधिया ने बीजेपी की सफलता का उल्लेख किया। पीएम मोदी के नेतृत्व में बीजेपी ने चौमुखी विकास को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने देश को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर नई दिशा दी। जनता ने बीजेपी का परचम लहराया है।
- सिंधिया ने कर्नाटक में सत्ता की लड़ाई पर टिप्पणी की। कांग्रेस की स्थिति में सत्ता बचाने के बजाय कुर्सी की लड़ाई हो रही है। यह पार्टी के भविष्य के लिए नुकसानदेह हो सकता है।
- सिंधिया ने मौलाना महमूद मदनी के बयान पर प्रतिक्रिया दी। लोकतंत्र के स्तंभों, खासकर न्यायालय, पर कोई टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। लोकतंत्र चार स्तंभों से मजबूत होता है। सभी का सम्मान करना नागरिकों की जिम्मेदारी है।

# जॉइंट कलेक्टर राहुल चौहान के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस

### पत्नी बोली- कई बार पीटा, दूसरी महिला के साथ रह रहे थे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**मंदसौर** • मंदसौर जिले में पदस्थ जॉइंट कलेक्टर राहुल चौहान के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया गया है। यह मामला उनकी पत्नी निर्मला चौहान ने दर्ज करवाया है। इस एफआईआर में दहेज प्रताड़ना, मारपीट और जबरन अबॉर्शन कराने के जैसे आरोप लगाए हैं। पत्नी निर्मला चौहान का कहना है कि लंबे समय से वह प्रताड़ना का शिकार हो रही थीं। प्रशासनिक और राजनैतिक पहुंच के चलते कई साल तक उनकी सुनवाई नहीं हुई।

**शादी के अगले दिन से ही प्रताड़ना :** पत्नी निर्मला चौहान ने एफआईआर में अपनी कहानी बताई है। एफआईआर के अनुसार उनकी शादी 16 दिसंबर 2018 को हुई थी, तब राहुल चौहान ट्रेनी डिप्टी कलेक्टर थे। निर्मला ने बताया कि उनकी मां ने हैसियत अनुसार सारा गृहस्थी का सामान दिया था। इसके बाद भी शादी के अगले ही दिन पति ने उन्हें कम दहेज की बात पर गालियां देनी शुरू कर दीं।

- मंदसौर में जॉइंट कलेक्टर राहुल चौहान के खिलाफ पत्नी द्वारा दहेज प्रताड़ना, मारपीट और जबरन गर्भपात कराने का केस दर्ज।
- पत्नी निर्मला के अनुसार प्रताड़ना शादी के अगले दिन से शुरू हुई, दहेज कम लाने का ताना और बार-बार मारपीट।
- यूपीएससी तैयारी के दौरान दिल्ली और अलग-अलग जगहों पर भी उत्पीड़न, तलाक की धमकी और मोबाइल तोड़ने का आरोप।
- पत्नी ने आरोप लगाया कि गर्भावस्था में भी प्रताड़ना हुई, मिसकेरेज हुआ और पति दूसरी महिला के साथ रहने लगे।
- आरोपी अधिकारी राहुल चौहान ने सभी आरोपों को निराधार बताया और कहा कि सच्चाई कोर्ट की सुनवाई से साबित होगी।
- साल 2019 में पति-पत्नी यूपीएससी की तैयारी के लिए दिल्ली गए थे। आरोप है कि वहां भी राहुल चौहान ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट जारी रखी। फिर 31 जुलाई 2019 को पति उन्हें मां के घर छोड़कर अचानक चले गए। उन्होंने तलाक देने की धमकी भी दी थी।

# चिंटू चौकसे ने सराफा लिस्ट में उठाए सवाल बीजेपी नेताओं के रिश्तेदारों पर भी साधा निशाना

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शहर की प्रसिद्ध सराफा चौपाटी की लिस्ट में लग रहे सांठगांठ के आरोपों के बीच कांग्रेस भी कूद पड़ी है। निगम नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस शहराध्यक्ष चिंटू चौकसे ने लिस्ट पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि इस लिस्ट को देखकर लग रहा है कि इसमें लेन-देन हुआ है। अपनों को लाभ पहुंचाया गया है।



### केवल मिठाई की दुकान लगे

चौकसे ने कहा कि परंपरा के अनुसार पहले यहां केवल मिठाई की दुकान लगती थी। इन्हें बनाकर लाया जाता था और यहां केवल बेचा जाता था। अभी भी यही करना चाहिए, इससे सुरक्षा को लेकर भी खतरा नहीं रहेगा। यहां गैस-चूल्हे होने से खतरा होता है।

### लिस्ट में अभी केवल 69 नाम

इस लिस्ट में अभी केवल 69 नाम है। इसे लेकर ही पूरा बवाल हो रहा है। हालांकि, महापौर पुष्यमित्र भार्गव कह चुके हैं कि लिस्ट की स्क्रूटनी होगी। यदि गलत नाम है तो हटेंगे और जो सही छूट गए हैं, उन्हें जोड़ेंगे। बाकी जो बाहर हुए हैं उन्हें भी कोई विकल्प दिया जाएगा।

दूसरी तरफ, निगम अधिकारियों का साफ कहना है कि हमारी चिंता सुरक्षा व्यवस्था है। इसमें किसके नाम है या नहीं, यह एसोसिएशन ही तय कर रही है। इसमें हमारा कोई हस्तक्षेप नहीं है। क्षेत्रीय विधायक मालिनी गौड़ साफ कह चुकी हैं कि चाइनीज, मोमो के स्टॉल नहीं होना चाहिए। उन्होंने भी यही कहा है कि सुरक्षा सबसे अहम है।

### लिस्ट में इन नामों पर उठाया गया सवाल

**चिंटू चौकसे ने लिस्ट में कई नाम और दुकानों को लेकर आपत्ति उठाई है।**

1- लिस्ट में 37 नंबर पर आदेश पराठा सेंटर है जो बीजेपी के पूर्व नगराध्यक्ष कैलाश शर्मा के भाई प्रेमप्रकाश शर्मा की है।

2- एक ही परिवार में दो दुकान आवंटित की गई। इसमें लिस्ट नंबर 26 पर प्रकाश कुल्फी जो बंटी यादव की व 31 नंबर पर प्रकाश कुल्फी फालूदा है जो उन्हीं के परिवार के प्रकाश यादव की है।

3- लिस्ट में 23, 28, 33, 41, 42, 43, 60, 62 व 69 नंबर पर जो दुकान है। वह फास्ट फूड, पान, चाइनीज आइस गोला, कोकोनट क्रश बेचने वालों को जगह दी गई है।

4- लिस्ट में 27 नंबर पर नीमा कुल्फी है, जिनकी पहले ही पक्की दुकान है फिर स्टाल लगाने की मंजूरी क्यों दी गई।

# गजब की बिजली कंपनी : किसानों को दस घंटे बिजली, लेकिन आधी रात ठंड में देंगे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश में सीएम मोहन यादव किसानों के हित में भावांतर योजना ला रहे हैं। इस योजना के तहत किसानों के खातों में राशि डाल रहे हैं। इसके अलावा, दस घंटे बिजली को लेकर विवादित आदेश वाले अधिकारी पर कार्रवाई हो रही है। इसके बावजूद बिजली कंपनी मानने को तैयार नहीं है। अब दस घंटे बिजली देने का शेड्यूल ही बदल दिया है। इसमें आधी बिजली ठंड के दिनों में आधी रात को दी जाएगी, कुछ बिजली अल सुबह तो बाकी दिन में।

**इस तरह के जारी हो रहे हैं शेड्यूल**-मुरखेड़ा चिमनखेड़ी सिंचाई में आज रात 12:00 से 01:15 तक बिजली मिलेगी। फिर सुबह 05:15 से 11:15 तक बिजली दी जाएगी और रात 09:15 से 01:15 बजे तक बिजली होगी।

पिपलौदा हसनाबाद सिंचाई में रात 1:15 से 5:15 तक और फिर दिन 11:15 से 5:15 तक बिजली दी जाएगी। रुंजी ग्रिड से बुधवार, 26 नवंबर 2025 से छडोदा रोड सिंचाई फीडर के अनुसार बिजली मिलेगी। रात 1:10 से सुबह 5:00 तक बिजली दी जाएगी, फिर दिन में 10:10 से 15:50 तक बिजली मिलेगी।

**किसानों में गुस्सा**-इंदौर क्षेत्र में बिजली कंपनी के जरिए ग्रामीण कृषि फीडरों की सप्लाई का शेड्यूल अचानक बदल दिया गया है। पहले किसानों को दिन के समय 10 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जा रही थी। वहीं, अब नए शेड्यूल के तहत सप्लाई समय में बड़ा बदलाव कर दिया गया है। रात में सप्लाई मिलने से जिलेभर के किसान भारी नाराज हैं। किसानों का कहना है कि कड़ाके की ठंड में रात के समय खेतों में जाकर सिंचाई करना बेहद कठिन और असुरक्षित है।

### किसानों को दस घंटे बिजली की खबर पर एक नजर...

- मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव किसानों के लिए भावांतर योजना ला रहे हैं और किसानों के खातों में राशि डाल रहे हैं।
- बिजली कंपनी ने किसानों के लिए 10 घंटे बिजली देने का शेड्यूल बदल दिया है, अब आधी रात और ठंडे समय में बिजली दी जाएगी।
- नए शेड्यूल में, कुछ क्षेत्रों में बिजली रात 12:00 से 1:15 बजे, फिर सुबह 5:15 से 11:15 बजे और रात 9:15 से 1:15 बजे तक मिलेगी।
- किसानों ने रात के समय सिंचाई करने को कठिन और असुरक्षित बताया, विशेष रूप से ठंड और सांप के काटने के खतरे के कारण।

# संतोष वर्मा का आईएएस अवार्ड खतरे में, कोर्ट के फर्जी आदेश केस में हाईकोर्ट से जांच की मंजूरी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • आरक्षण को लेकर ब्राह्मण पर विवादित बयान देने वाले अजाक्स के प्रांताध्यक्ष संतोष वर्मा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनका आईएएस अवार्ड खतरे में आ गया है। आरोप है कि वर्मा ने आईएएस अवार्ड और पदोन्नति बचाने के लिए फर्जी आदेश बनवाया है। इस आदेश में इंदौर में एक महिला अपराध केस का झूठा निराकरण दिखाया गया है।

इसी मामले में अब इंदौर हाईकोर्ट ने पुलिस को कोर्ट से दस्तावेज लेकर आगे जांच करने की प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। प्रशासनिक मंजूरी की पुष्टि जांच अधिकारी एसपी विनोद दीक्षित ने की है। इसमें कहा गया है कि कोर्ट से सभी दस्तावेज लेकर जांच की जाएगी। इस मामले में प्रमोटी आईएएस संतोष वर्मा पर कोर्ट में चार्ज फ्रेम होना है।

**वर्मा पर केस कराने वाले जज निलंबित :** आईएएस संतोष वर्मा पर कोर्ट का फर्जी आदेश बनाने का आरोप है। इंदौर कोर्ट में पदस्थ तत्कालीन विशेष जज विजयेंद्र सिंह रावत के आवेदन पर एमजी रोड थाने में केस हुआ था। हाल ही में जज रावत को निलंबित करने के आदेश हुए हैं। रावत को शहडोल जिले की बुराड़ नामक जगह भेजा गया है। निलंबन अवधि में दोनों का मुख्यालय उक्त कोर्ट रहेगा।

**वर्मा पर एक युवती ने आरोप लगाए थे :** प्रशासनिक अधिकारी संतोष वर्मा पर एक युवती ने आरोप लगाए थे। इस केस के चलते उनके पदोन्नत होकर आईएएस बनने की राह में रोड़ा आ गया था। आरोप है कि इस मामले में बरी होने का फर्जी आदेश पारित कराया था। निलंबन आदेश के तहत जज रावत को शहडोल जिले की बुराड़ नामक जगह भेजा गया।



**जज रावत ने थाने में यह कराई थी शिकायत :** एमजी रोड थाने में 27 जून 2021 को यह फर्जी कोर्ट आदेश बनाने का केस हुआ था। इसमें अज्ञात आरोपी पर आईपीसी धारा 120बी, 420, 467, 468, 471 व 472 में केस हुआ था। अपराध होने का समय 6 अक्टूबर 2020 बताया गया था। थाने में जज विजयेंद्र सिंह रावत द्वारा केस दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया था।

आवेदन में जज रावत ने कहा कि लसूडिया थाने में संतोष वर्मा पर एफआईआर दर्ज है। यह एफआईआर संख्या 851/2016 है, जिसमें धारा 323, 294 और 506 लगाई गई है। इस मामले में केस 1621/2019 चल रहा है। यह केस पहले दूसरे कोर्ट में था, फिर 3 अक्टूबर 2020 को मेरी कोर्ट में आ गया था। सुनवाई के लिए 23 नवंबर 2020 की तारीख तय हुई थी। इसके बाद साक्ष्य के लिए 22 फरवरी 2021 को तारीख तय की गई थी। फिर अगली तारीख 31 मई 2021 को रखी गई थी।

### वर्मा पर महिला ने क्या लगाए हैं आरोप

- 18 नवंबर 2016 को एक महिला ने संतोष वर्मा पिता रूमाल सिंह वर्मा के खिलाफ लसूडिया थाना इंदौर में केस दर्ज कराया था। यह केस नंबर 851/2016 है और इसमें आईपीसी की धारा 493, 494, 495, 323, 294 और 506 शामिल हैं। उस समय वर्मा उज्जैन में अपर कलेक्टर के पद पर थे। महिला ने बताया कि वह 2010 से वर्मा को जानती थी। मेल-जोल के दौरान वर्मा ने उसे शादी का प्रस्ताव दिया। इसके बाद दोनों ने चुपचाप रिद्धिनाथ मंदिर, हण्डिया जिला धार में शादी कर ली।
- पूर्व में वह शादीशुदा थे। पत्नी की तरह चुपचाप रखा। शारीरिक संबंध बनाए। जैसे ही पूर्व में शादीशुदा होने की बात चली और विरोध किया तो वर्मा ने मारपीट शुरू कर दी। बीते तीन सालों से इंदौर में एक टाउनशिप में उनके साथ रह रही है। बीच में गर्भवती हुई तो वर्मा ने दबाव डालकर दो बार अबॉर्शन कराया था।
- बालाघाट पोस्टिंग के दौरान सरकारी बंगले पर भी पांच माह रखा था। वह अलग-अलग जगह पदस्थ रहे। बालाघाट में अपर कलेक्टर पद पर पदोन्नत हुए, फिर सीहोर एडीएम बने थे। इसके बाद राजगढ़ में सीईओ जिला पंचायत और इसके बाद उज्जैन अपर कलेक्टर हैं। मुझसे धोखाधड़ी करते हुए शादी की गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।